K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR

TERM - I (2022-23)

GRADE: V **MARKS: 40**

SUB: HINDI **TIME: 2 HOURS**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) निबंध और पत्रलेखन में से कोई एक प्रश्न लिखना आवश्यक है।
४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्रश्न१)निम्नलिखित पठित गदयांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

हिमांशु आज बहुत खुश और उत्साहित था क्योंकि गरमियों की छुट्टियाँ खत्म हो गई थीं। आज वह बहुत दिनों बाद विद्यालय जा रहा था। अध्यापिका ने हिमांशु से उसकी खुशी का कारण पूछा। हिमांशु ने बताया कि इस बार छुट्टियों में उसे एक नई बात पता चली। उसके नानाजी के पास एक भेड़ थी। वह बहुत मोटी हो गई थी, तो नानाजी कपास को उसके शरीर से निकालकर इकट्ठा करने लगे। अध्यापिका ने हिमांशु से पूछा, "क्या तुम्हें पता है कि वे ऐसा क्यों कर रहे थे? क्या तुम कक्षा को बताओगे कि कपास से क्या बनता है?"

अ) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। **(२ अंक)**

१) हिमांशु आज बहुत खुश था।
२) दादाजी के पास एक भेड़ थी।

आ) निम्नलिखित कथन किसने किससे कहा। **(१ अंक)**

१) “क्या तुम्हें पता है कि वे ऐसा क्यों कर रहे थे?”

इ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१ अंक)**

१) नानाजी की भेड़ कैसी हो गई थी?

ई) मेरी राय (स्वअध्ययन पर प्रश्न) **(२ अंक)**

१) कपास के फायदे लिखिए।

प्रश्न २) अ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(४ अंक)**

१) पौधा = २) प्रारंभ =

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए। **(४ अंक)**

१) अध्यापिका बच्चों को लेकर कहाँ गई और उन्होंने क्या बताया?
२) सरोजिनी कौन बनी थी और उन्होंने सबको क्या कहा?

इ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। **(५ अंक)**

१) बच्चों को कौन-सा खेल खेलना है?
२) अलग-अलग तरह के कपड़े कौन बनाता है?
३) घर कौन लौट आए?
४) कपास के बीज में से कितने महीनों के बाद फूल आते हैं?
५) जीजी को सारी किससे लेनी पड़ेगी?

प्रश्न ३) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

> भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित जम्मू व कश्मीर एक छोटा-सा राज्य है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। श्रीनगर इसी राज्य की राजधानी है। श्रीनगर झेलम नदी के दोनों तटों पर बसा बहुत सुन्दर शहर है। एक तट से दूसरे तट तक जाने के लिए झेलम नदी पर कई पुल बने है। श्रीनगर में एक बहुत बड़ी और बहुत सुन्दर झील है । इस झील का नाम 'डल झील' है।१८ किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई यह झील तीन दिशाओं से पहाड़ियों से घिरी हुई है। कश्मीर घाटी की अनेक झीलें आकर इसमें मिलती हैं।

अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। (२ अंक)

१) श्रीनगर इसी राज्य की ______ है।

२) ________ घाटी की अनेक झीलें आकर इसमें मिलती हैं।

आ) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। (२ अंक)

१) एक तट से दूसरे तट तक जाने के लिए झेलम नदी पर कई पुल बने हैं।

२) डल झील चारों दिशाओं से पहाडियों से घिरी हुई है।

इ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (२ अंक)

१) श्रीनगर की झील कैसी है?

२) भारत की उत्तरी सीमा पर कौन-सा छोटा-सा राज्य है?

प्रश्न ४) अ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (२ अंक)

१) मोटी × २) प्रशंसा ×

आ) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए। (२ अंक)

१) <u>**दादाजी**</u> पौधा लगा रहे हैं।

२) <u>**कुम्हारिन**</u> बरतन बनाती है।

इ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित वचन चुनकर वाक्य पूरे कीजिए। (२ अंक)

१) होटल का ______ भरा है। (कमरा / कमरे)

२) उसकी ______ लाल हो गई हैं। (आँख / आँखें)

ई) दिए गए वाक्यों में से क्रिया शब्दों को खोजकर लिखिए। (२ अंक)

१) तारे आसमान में चमकते हैं।

२) बच्चों ने गुब्बारे खरीदे।

उ) कोष्ठक से उचित क्रिया शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (२ अंक)

(दौड़ता, देख, कर)

१) कक्षा में छात्र पढ़ाई _____ रहे हैं।

२) घोडा बहुत तेज़ _____ है।

प्रश्न५) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर निबंध लेखन लिखिए। (५ अंक)

१) यदि किताबें न होती....... २) परिश्रम का महत्त्व

अथवा

प्रश्न५) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर पत्रलेखन कीजिए। (५ अंक)

१) खेलों में प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

२) पढ़ाई के साथ खेलों का भी महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।